सरकार के गैर-योजना व्यय में वृद्धि

163. श्रीमती सुषमा स्वराज :
श्री रणजीत सिंह :

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय सरकार के गैर-योजना व्यय में निरन्तर वृद्धि हो रही है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि इस व्यय में, जो वर्ष 1951 में 568 करोड़ रुपए मात्र था लगभग 243 गुना वृद्धि हुई है और वर्ष 1991–92 में यह व्यय लगभग 38320 करोड़ रुपए हो जाने का अनुमान है ;

(ग) यदि नहीं, तो उपर्युक्त वर्षों के दौरान यह व्यय राशि कितनी थी ;

(घ) क्या यह भी सच है कि गैर योजना व्यय में यह निरन्तर वृद्धि देश में आम मूल्य वृद्धि के लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार है ; और

(ङ) यदि नहीं, तो इस संबंध में सरकार की प्रतिक्रिया क्या है ?

(वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री श्री शान्ताराम पोटदुखे) : (क) यद्यपि सामान्य रूप से आयोजना-भिन्न व्यय में वृद्धि हुई है तथापि सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में पिछले दो वर्षों में इसमें उत्तरोत्तर कमी हुई है।

(ख) और (ग) केन्द्रीय सरकार का कुल व्यय (आयोजनागत और आयोजना-भिन्न दोनों) जो 1950–51 में 510 करोड़ रुपये था, वह बजट अनुमान 1991–92 में बढ़कर 113422 करोड़ रुपए हो गया । पहली योजना केवल 1951–52 में शुरु हुई थी।

(घ) और (ङ) हालांकि व्यय में वृद्धि (आयोजनागत और आयोजना-भिन्न दोनों) से मुद्रा उपलब्धि में वृद्धि होती है जिससे मुद्रास्फीतिकारी संभावनाओं में वृद्धि होती है, ये मांग-पूर्ति असन्तुलन जैसे अन्य आर्थिक कारकों से भी प्रभावित होते हैं। सरकार के राजकोषीय समायोजन कार्यक्रम के फलस्वरूप अन्ततः कीमतों पर दबाव कम हो जाने की आशा है।

Steps to augment tax recovery

164. SHRI RANJIT SINGH;

SHRI RAM JETHMALANI;

Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that there has been a constant decrease in the amount of tax-recoveries over the past several years;

(b) if so, what is the amount of recoveries made in respect of assessed taxes during the last three years, year-wise; and what is the amount of taxes that could not be recovered during these years;

(c) whether Government are contemplating to bring necessary reforms in the existing tax recovery system and in the management, keeping in view the increasing amount of these outstanding taxes; and

(d) if so, what are the details of these reforms and by when these are intended to be implemented?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI RAMESHWAR THAKUR): (a) No, Sir.

(b) Question does not arise.

(c) and (d) Amendment of tax laws with a view to making them more effective in respect of assessment of Income and recovery and collection of taxes is an ongoing process. The final report of the Tax Reforms Committee on tax administration is expected shortly and further steps in this regard, if any, will be taken in the light of the report of the Committee.